ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 02-07-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-07-02 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-07-03	2021-07-04	2021-07-05	2021-07-06	2021-07-07
वर्षा (मिमी)	20.0	25.0	8.0	12.0	15.0
अधिकतम तापमान(से.)	27.0	26.0	26.0	26.0	25.0
न्यूनतम तापमान(से.)	15.0	15.0	15.0	14.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	75	80	80	80	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	60	55	60	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	8.0	6.0	6.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	130	120	120
क्लाउड कवर (ओक्टा)	3	4	4	5	6

मौसम सारांश / चेतावनी:

2 व 3 जुलाई को मध्यम वर्षा (लगभग 20-25 मिमी), तद्पश्चात् 4 से 6 जुलाई को हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 250 से 27.0 व 14.0 से 15.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 7 से 13 जुलाई के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम, अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनीः 2 से 4 जुलाई को कहीं-हींकहीं भारी बारिश, गरज के साथ बिजली गिरने तथा तेज बौछारें पड़ने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा,

मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में मध्यम नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

2 व 3 जुलाई को मध्यम वर्षा (लगभग 20-25 मिमी), तद्पश्चात् 4 से 6 जुलाई को हल्की वर्षा की सम्भावना है। 2-4 जुलाई को कहीं-हींकहीं भारी बारिश, गरज के साथ बिजली गिरने तथा तेज बौछारें पड़ने की चेतावनी है|

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
अरहर (लाल चना/अरहर)	फसलों की निगरानी करते रहें तथा आवश्यकतानुसार निराई कर खरपतवार निकाल लें।
मक्का	पिछले माह बोई गई फसल में विरलीकरण करें एवं निराई-गुडाई कर खरपतवार निकाल लें। कृषि कार्य मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
चावल	घाटी व कम ऊँचे क्षेत्रों में, रोपाई का कार्य पूर्ण करें।
मूँग	पर्वतीय घाटी वालें क्षेत्रों में मूंग की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। अधिक उत्पादन हेतु उन्नत प्रजातियों का प्रयोग करे।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
लौकी	पर्वतीय क्षेत्रों में, लौकी की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
बैंगन	आगामी दिनो मे वर्षा की सम्भावना को ख्यान में रखते हुए, बैगन की फसल में सिंचाई रोक दें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भैंस	जुलाई महीना गाय/भैंसों की ब्याने का समय होता है अतः प्रसव प्रकोष्ठ को साफ-सुथरा करके इस्तेमाल हेतु तैयार रखें।